प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.07.2024 समय : 18.30 पीएम

00000

- हरिभाऊ किसनराव बागडे ने प्रदेश के राज्यपाल पद की शपथ ली– ओम प्रकाश माथुर ने सिक्किम के और गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब के नए राज्यपाल और चंडीगढ़ प्रशासक के रूप में शपथ ग्रहण की।
- केन्द्र सरकार ने बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए विशेष प्रावधान किया–आयु सीमा में तीन साल तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट।
- जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने कोचिंग संस्थानों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया।
- राज्य के विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात–पूर्वी और उत्तरी जिलों में कुछ स्थानों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी।

**00000**

हरिभाऊ किसनराव बागडे ने आज जयपुर में राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव ने उन्हें शपथ ग्रहण करवाई। श्री बागड़े ने हिन्दी में ईश्वर के नाम पर राज्यपाल पद की शपथ ली। शपथ से पहले मुख्य सचिव सुधांश पंत ने श्री बागड़े की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति का वारंट पढ़ा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मंत्रिपरिषद के सदस्य, न्यायाधिपतिगण, विधायक और अधिकारी उपस्थित रहे। मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने इससे पहले गोविन्द देव जी मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। राज्यपाल के गोविन्द देव जी मंदिर पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने उनकी अगवानी की और गोविन्द देव जी की तस्वीर भेंट की। शपथ ग्रहण के बाद मीडिया से बातचीत में श्री बागड़े ने कहा कि वे राजस्थान के संविधान प्रमुख के रूप में राज्य की सेवा करने में कोई कसर नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि कृ षि ओर सहकारिता क्षेत्र में प्रदेश ओर आगे बढ़े, यह उनकी भावना रहेगी। श्री बागड़े ने कहा कि उचच शिक्षा में राज्य ओर तरक्की करे, इसके लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

-----

ओम प्रकाश माथुर ने आज सिक्किम के 16वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। गंगटोक में राजभवन में आयोजित एक समारोह के दौरान सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बिस्वनाथ सोमद्दर ने श्री माथुर को पद की शपथ दिलाई। इसी तरह पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने आज झारखण्ड के नये राज्यपाल की शपथ ली। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज पंजाब राजभवन में पंजाब के नए राज्यपाल और चंडीगढ़ प्रशासक के रूप में शपथ ली। इससे पहले वे असम के राज्यपाल थे।

**00000**

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ में पिछले पांच वर्षों में 54 हजार 760 जवानों की भर्ती की गई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि पिछले पांच वर्षों में बीएसएफ में सात हजार 372 नए पद सृजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बल में दस हजार से ज्यादा रिक्तियां हैं। श्री राय ने कहा कि सरकार ने बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए विशेष प्रावधान किया है। दस प्रतिशत रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगी और उन्हें आयु सीमा में तीन साल की राहत तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी जाएगी। इसके अलावा अग्निपथ योजना के पहले बैच के उम्मीदवारों को आयु सीमा से पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी जाएगी।

00000

जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबू लाल खराड़ी ने आज विधानसभा में कहा कि जनजाति क्षेत्र के छात्रावासों में वार्डन शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर लगाए जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वार्डन के पद पर टीएसपी क्षेत्र के मूल निवासी को ही नियुक्त किये जाने की कोई बाध्यता नहीं है। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि कार्मिकों के स्थानान्तरण तथा खाली पदों को भरने की कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा की जाती है। इससे पहले विधायक फूल सिंह मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने अनुसूचित क्षेत्र में विभागवार स्वीकृत और खाली पदों की सूचना सदन के पटल पर रखी।

**0000**

जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने कोचिंग संस्थानों की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। निगम की ओर से आज लिखित आदेश जारी किए गए है , जिसमें कमेटी के गठन की घोषणा की गई है। जांच के लिए एक प्रारूप तैयार किया गया है, जिसके आधार पर कमेटी अपना काम करेगी। गौरतलब है कि दिल्ली में हुई घटना के बाद राज्य में भी प्रशासन अलर्ट मोड पर है और महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कल इस संबंध में निरीक्षण किया था।

00000

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने इस जुलाई सत्र से कृषि व्यवसाय में एमबीए कार्यक्रम की शुरूआत की है। क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने बताया कि इग्नू के नये कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों को कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में उद्यमशीलता का ज्ञान और रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि व्यवसाय में दक्षता बढाकर कृषि से अधिक फायदा लेना है। कार्यक्रम की अवधि 2 वर्ष रखी गयी है। कार्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए किसी भी विषय में स्नातक उपाधि में सामान्य श्रेणी के लिए 50 प्रतिशत अंक आवश्यक है तथा आरक्षित श्रेणी के लिए 45 प्रतिशत अंकों के साथ प्रवेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की फीस रू. 15,000/— प्रति सेमेस्टर निर्धारित की गई है।

00000

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय और बागवानी प्रौद्योगिकी संस्थान के बीच तकनीकी सहयोग को लेकर समझौता हुआ है। एमओयू पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण कुमार और बागवानी प्रौद्योगिकी संस्थान निदेशक डॉ आर.एस.कुरिल समेत संबंधित कृषि वैज्ञानिकों ने हस्ताक्षर किए। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि अब बीकानेर में भी वर्टिकल फॉर्मिंग और हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती संभव होगी। बागवानी प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ कुरिल ने कहा कि संस्थान के पास हॉर्टिकल्चर क्षेत्र में एआई आधारित बहुत सी नयी तकनीक है जिनका फायदा विश्वविद्यालय और बीकानेर के किसानों को मिलेगा। बीकानेर में 200—300 एमएम बारिश होती है लिहाजा इस इलाके में हॉर्टिकल्चर के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं।

0000

राज्य के विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई है। भीलवाडा में दिनभर तेज उमस के बाद शाम को कई जगह पानी बरसा। जयपुर में दोपहर बाद कुछ जगह बौछारें पड़ीं। इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि आज मानसून ट्रफ लाइन राज्य के उत्तरी भागों से होकर गुजर रही है इसके प्रभाव से आगामी 48 घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। विभाग ने आज जयपुर, दौसा, अलवर, करौली, भरतपुर, धौलपुर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कहीं—कहीं बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

0000

जैसलमेर आकांक्षी जिला और चयनित ब्लॉक फतेहगढ़ की समीक्षा बैठक आज जिला कलक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग, महिला और बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और राजीविका के संकेतको की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मधुमेह और उच्च रक्तचाप के मरीजो की स्क्रीनिंग के काम में तेजी लाने के निर्देश दिये।

0000

प्रदेश में शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से कल से स्तन पान सप्ताह आयोजित होगा। स्तनपान के प्रचार और समर्थन के लिए इस वर्ष की थीम ''क्लोजिंग द गेप : ब्रेस्ट फीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल '' रखी गई है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रसव केन्द्रों पर बच्चे के जन्म के बाद शीघ्र स्तनपान और नई माताओं को सहायता प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां होगी।

0000

बूंदी में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से चलाये जा रहे 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत बालक बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई। साथ ही महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के अतर्गत संचालित इन्दिरा महिला शक्ति केन्द्र की केन्द्र प्रबन्धक ने उद्यम प्रोत्साहन योजना तथा अमृता हाट के बारे में जानकारी दी।

0000